भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 110 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 6 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# शाहपुरा में परशुराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच विधायक बालमुकंदाचार्य ने जनसंख्या पर दिया विवादित बयान

## बोले एक वर्ग ऐसा जो चार बेगम और 36 बच्चों पर ध्यान देता है







भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी

उपखंड मुख्यालय पर चल रहे तीन दिवसीय भगवान परशुराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन रविवार को भव्य रूप से हुआ। नगर पालिका, विप्र सेना और सर्व ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अनंत निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य महाराज, हवा महल जयपुर विधायक बालमुकंदाचार्य, शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील तिवाड़ी और नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी सहित अनेक संत, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण भगवान परशुराम की भव्य मूर्ति का अनावरण और प्राण प्रतिष्ठा संस्कार का आयोजन रहा। नगर पालिका के सहयोग से लगभग ?8.50 लाख की लागत से परशुराम वाटिका का निर्माण किया गया, जबकि विप्र सेना द्वारा मूर्ति स्थापित की गई।

### बालमुकंदाचार्य के विवादित बयान पर छिड़ी चर्चा-

मूर्ति अनावरण और हवन के बाद आयोजित विशाल धर्मसभा में हवा महल विधायक स्वामी बालमुकंदाचार्य ने अपने भाषण में बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताई। उन्होंने इशारों-इशारों में एक वर्ग को लक्षित करते हुए कहा, हम दो हमारे दो, या हम दो हमारा एक, परंतु एक वर्ग ऐसा है जो चार बेगम और 36 बच्चों पर ध्यान देता है। यह समाज के संतुलन के लिए चिंता का विषय है।

उनका यह बयान मंच पर उपस्थित लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। गौरतलब है बालमुकंदाचार्य का राजनीतिक करियर विवादों से घिरा रहा है । उन्होंने कई बार जाति और धर्म को लेकर टिप्पणी की है, जिसके कारण स्थानीय और राज्य स्तरीय बहसें छिड़ चुकी हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि उनके बयान अक्सर सामाजिक और राजनीतिक गर्मी पैदा करते हैं।

जगदगुरु श्रीजी महाराज ने अपने आशीर्वचन में विप्र समाज को धर्म, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने कहा कि भगवान परशुराम की मूर्ति नगरवासियों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बनेगी।

### भव्य आयोजन और उत्सव का माहौल-

समारोह में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु, नगरवासी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल रहा , ढोल-नगाड़ों और जयघोष से नगर गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम में विप्र सेना के प्रदेश युवा अध्यक्ष दिनेश दादिया ने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन और धर्म की रक्षा करने का आह्वान किया। गीतकार सत्येंद्र मंडेला के संयोजन में समारोह संपन्न हुआ, जिसमें अंकुर ओझा, मिंकू पोंडरीक, अभय पारीक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

इस भव्य महोत्सव में नगरवासियों ने उत्सव के दौरान परशुराम वाटिका और मूर्ति स्थापना में सहयोग कर सामाजिक और धार्मिक भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। पूरे शाहपुरा में जय परशुराम के जयघोष गूँजते रहे, और महोत्सव ने ब्राह्मण समाज के गौरव और एकता का संदेश सबके सामने रखा।

## विधायक आचार्य से जुड़े बड़े विवाद



विधायक बालमुकुंद आचार्य का राजनीतिक जीवन विवादों से घिरा रहा है। विधायक के इस वर्ष 3 मामले सामने आए है । जिसमे अगस्त माह में वंदे मातरम विवाद, जहाँ जयपुर के वैशाली नगर में एक शिक्षक से वंदे मातरम और भारत माता की जय कहने की मांग की गई, जिसके बाद विधायक ने शिक्षक की निष्ठा पर सवाल उठाए। अप्रैल माह में जयपुर के जोहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद के बाहर विवादित पोस्टर चिपकाने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में विधायक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। अगस्त माह में ही रामगंज पुलिस स्टेशन में थानाधिकारी की कुर्सी पर बैठने के कारण विधायक को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।इससे पूर्व दिसंबर 2023 में मांस विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के दौरान विधायक ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोपों का सामना किया। वही अब शाहपुरा में दिया गया बयान नई चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# नेशनल हाईवे नाकाबंदी में बड़ी सफलता, 121 किलो अवैध मादक पदार्थ और वाहन जब्त ,दो तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

रायला थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार सुबह 121.350 किलोग्राम डोडा चूरा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार थानाधिकारी बच्छराज चौधरी के नेतृत्व में सुबह करीब 5 बजे हाईवे पर नाकाबंदी की जा रही थी, जब भीलवाड़ा की ओर से आ रही स्विफ्ट कार पुलिस को देखकर भागने लगी। पुलिस ने तुरंत बैरिकेड्स लगाकर कार को रोका और कार में सवार दोनों संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कि। कार की तलाशी लेने पर कट्टों में भरा डोडा चूरा बरामद हुआ और वाहन को जब्त किया गया।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मांगीलाल विश्नोई (42), पुत्र कोजाराम, खिलेरी, जोधपुर और अशोक विश्नोई (27), पुत्र प्रेमाराम, कांजी बा की ढाणी, जोधपुर के रूप में हुई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे डोडा चूरा मंदसौर से जोधपुर ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू की है ।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959


Bhilwarafocus@gmail.com





# प्रेमिका की जबरन शादी से आहत युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा, चार घंटे चला ड्रामा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



प्रेमिका की जबरन दूसरी जगह शादी से आहत एक युवक रविवार सुबह शहर में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक ने करीब चार घंटे तक टावर पर बैठकर प्रेमिका से शादी करवाने की मांग की और धमकी दी कि बात न करवाई गई तो वह कूद जाएगा। इस दौरान उसने इंस्टाग्राम पर लाइव रील डालते हुए लड़की के परिजनों और पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाए।

जानकारी के अनुसार, युवक गोविंद माली भीलवाड़ा शहर में पान की दुकान चलाता है। बताया जा रहा है कि वह अपने पड़ोस की एक किशोरी से प्रेम करता था और दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन किशोरी के परिजनों ने विरोध करते हुए उसकी जबरन शादी किसी और जगह करवा दी। यह बात पता लगते ही गोविंद भावनात्मक रूप से टूट गया और रविवार सुबह सुभाष नगर थाना क्षेत्र के संजय कॉलोनी स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया।

टावर पर चढ़कर गोविंद ने प्रेमिका से बात करवाने की मांग रखी। उसने कहा कि अगर वह खुद मना कर देगी, तो मैं उसे भूल जाऊंगा। टावर से उसने एक रील बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की, जिसमें युवती के परिवार पर जबरन शादी कराने और पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए। उसने वीडियो में कहा मेरी मौत की जिम्मेदारी लड़की के घरवालों की होगी। घटना की सूचना पर सुभाष नगर थाना पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और परिजन मौके पर पहुंचे। करीब चार घंटे की समझाइश और प्रयास के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। फिलहाल पुलिस ने गोविंद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# भीलवाड़ा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन की दौड़ तेज , पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में दावेदारों ने दिखाया दम

## 22 अक्टूबर तक पूरी होगी प्रक्रिया, पर्यवेक्षक बोले, कार्यकर्ताओं की राय के आधार पर होगा चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में कांग्रेस संगठन की नई कमान किसके हाथ में जाएगी, इसे लेकर पार्टी में हलचल तेज हो गई है। संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को भीलवाड़ा पहुंचे पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं, ब्लॉक पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं से रायशुमारी शुरू कर दी। जिले में शहरी और ग्रामीण दोनों जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री और कांग्रेस पर्यवेक्षक रसूल वकार रमानी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद आयोजित प्रेस



कॉन्फ्रेंस में रमानी ने बताया कि संगठन सृजन अभियान जो अहमदाबाद से शुरू हुआ था, अब जिलों तक पहुंच चुका है और पार्टी को नए जोश के साथ पुनर्गठित करने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि 22 अक्टूबर तक सभी जिलों की रिपोर्ट तैयार कर हाईकमान को भेजी जाएगी। प्रत्येक जिले में वरिष्ठ नेताओं को ऑब्जर्वर बनाकर भेजा गया है, जो ब्लॉक स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं की राय लेंगे। इच्छुक दावेदारों से आवेदन लिए जाएंगे और फिर डेलिगेशन मीटिंग्स आयोजित होंगी। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, पूर्व मंत्री रामलाल जाट, जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर ने कहा कि जिलाध्यक्ष वही बनेगा जो कार्यकर्ताओं की सच्ची पसंद होगा, किसी गुटबाजी या सिफारिश के आधार पर अध्यक्ष का चयन नहीं होगा । हमें ऐसा व्यक्ति चाहिए जो संगठन को मजबूत करे, न कि किसी नेता की छाया में काम करे । इस बीच, जिलाध्यक्ष पद के कई दावेदारों ने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। समर्थकों के साथ पहुंचे नेताओं ने शक्ति प्रदर्शन कर माहौल को चुनावी रंग दे दिया। पूरे दिन कांग्रेस कार्यालय में बैठकों, चर्चाओं और रणनीति का माहौल बना रहा।

# अवैध खनन की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, बनास नदी किनारे से एलएनटी मशीन जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

**विक्रम सिंह ।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर रविवार को काछोला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बनास नदी किनारे से एक एलएनटी मशीन जब्त की। यह कार्रवाई थल खुर्द गांव के पास की गई, जहां मशीन संदिग्ध स्थिति में पाई गई।

थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नदी किनारे अवैध खनन की गतिविधियां चल रही हैं और वहां एक भारी मशीन खड़ी है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान वहां खड़ी एलएनटी मशीन को जब्त कर थाने ले आई।

थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि फिलहाल मशीन जब्त कर ली गई है तथा मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध खनन या संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस लगातार गश्त कर रही है ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पर्यावरण सुरक्षा दोनों बनी रहें।

# खजीना में संभाग स्तरीय संस्कृत विद्यालय बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया उद्घाटन, संभाग के छह जिलों की 40 टीमों के 501 खिलाड़ी ले रहे भाग



प्रतियोगिता के शुभारंभ पर छात्रों द्वारा प्रस्तुति



वेद विद्यालय द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ कन्या पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला / सवाईपुर**

( जसवंत पारीक)
(सांवर वैष्णव)।

खजीना गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में रविवार से संभाग स्तरीय उच्च प्राथमिक एवं वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय 14 वर्ष एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, अध्यक्ष कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर और संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी सतीश बागोरिया रहे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ बरुंदनी वेद विद्यालय के आचार्य गोविंद शर्मा व हिमांशु पांडिया सहित सात पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। अतिथियों ने नवदुर्गा के स्वरूप में 21 कन्याओं को तिलक लगाकर व माला पहनाकर पूजन किया। ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।कार्यक्रम में मंच संचालन भगवतीलाल टेलर ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक गोविंद कलवार और संपतराम जाट हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा ने सभी अतिथियों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### 40 टीमों के 501 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में अजमेर संभाग के छह जिले भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक, नागौर, ब्यावर और कुचामन की कुल 40 टीमों के 501 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स सहित कई खेल आयोजित किए जा रहे हैं। उद्घाटन मुकाबला कबड्डी में कोटड़ी बनाम खजूरी के बीच खेला गया, जिसमें खजूरी की टीम विजेता रही।

### खेल में अनुशासन और संस्कार जरूरी-विधायक खंडेलवाल

मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि खिलाड़ियों के जीवन में संस्कार और अनुशासन बहुत जरूरी हैं। रेफरी के निर्णय का सम्मान करते हुए अपनी प्रतिभा को पूरे समर्पण से दिखाना ही सच्चा खिलाड़ी होना है।

अध्यक्ष प्रधान करण सिंह बेलवा ने कहा कि पहले भारत खेलों में काफी निचले पायदान पर रहता था, लेकिन अब हमारे खिलाड़ी विश्व स्तर पर नाम कमा रहे हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आप अपने विद्यालय और गांव का नाम रोशन करें।

इस दौरान उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर व विभागीय अधिकारी डॉ. कृष्ण गोपाल जांगीड़ ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### विद्यालय विकास के लिए की घोषणाएं

कार्यक्रम के दौरान विधायक खंडेलवाल ने विद्यालय में नए कक्षा कक्ष निर्माण की घोषणा की, वहीं प्रधान करण सिंह बेलवा ने विद्यालय प्रांगण में सीसी पेवर लगाने की घोषणा की। विधायक ने यह भी कहा कि जो विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाएगा, उसे हवाई यात्रा करवाई जाएगी।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, उप प्रधान कैलाश सुथार, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट भारतीय किसान संघ, आकोला प्रशासक शिवलाल जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, पंचायत समिति सदस्य संतोष देवी बलाई, पूर्व सरपंच अमरचंद गाड़ी, पूर्व सरपंच नवरतन शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे ।

# काछोला में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम व ओमप्रकाश भड़ाना का भव्य स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह ।** कस्बे में राजस्थान सरकार के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और भाजपा के प्रदेश महामंत्री देवनारायण बोर्ड के चेयरमैन ओमप्रकाश भड़ाना का शनिवार देर शाम को भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा नेता भैरूलाल मंत्री एवं पूर्व नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में अतिथियों का पारंपरिक पगड़ी पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर घनश्याम पोरवाल, अरविंद माली, भरत पारीक, राजेश मालू, राकेश शर्मा, बालमुकुंद सोनी, पूर्व अभियोजन अधिकारी श्यामलाल गुर्जर, दिनेश सोनी, नन्दलाल गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद का रक्तदान शिविर सम्पन्न, 205 यूनिट रक्त संग्रह



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्र निर्माण के संकल्प और सेवा भावना के साथ विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, द्वारा रविवार को आदर्श विद्या मंदिर परिसर में चतुर्थ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 205 यूनिट रक्तदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री शिव प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे देश में विद्या भारती के पूर्व छात्र समाज के विविध क्षेत्रों में सेवा कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजन विद्या भारती के संस्कारों की जीवंत मिसाल हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविंद कुमार, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. सुनील कुमार जांगिड़ तथा चित्तौड़ प्रांत सह-संयोजक आशीष जाजू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं युवाओं ने भाग लिया। विशेष रूप से प्रथम बार रक्तदान करने वालों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई




## QUICK BITES

### बाबा शेवाराम साहब उदासीन का 109वां प्राकट्य उत्सव, शरद पूर्णिमा आज से होंगे दो दिवसीय कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



हरीशेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर भीलवाड़ा में सोमवार और मंगलवार को बाबा शेवाराम साहब उदासीन के 109वें प्राकट्य उत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि इस अवसर पर अजमेर, पुष्कर, राजकोट और इंदौर सहित विभिन्न स्थानों के महात्मा एवं संत उपस्थित रहेंगे। सोमवार को सुबह 9.30 बजे श्री रामायण का अखंड पाठ शुरू होगा, संतो-महात्माओं के प्रवचन, सत्संग, आरती और भंडारे का आयोजन होगा। मंगलवार शरद पूर्णिमा के दिन सुबह समाधि साहब पर नाम स्मरण, झंडारोहण, हवन, पूजन व रामायण अखंड पाठ का भोग, लड्डू महाप्रसाद और भंडारा होगा। सायंकाल में नितनेत सत्संग एवं अरदास के साथ उत्सव का समापन होगा।

### आदर्श विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन सम्पन्न

**महिलाओं की भूमिका पर हुई सार्थक चर्चा**

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।**



**दिनेश पारीक ।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम के तहत मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की 217 माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंवर कंवर राणावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रमिला गुजराती और जिला संयोजिका नीलम मीना रहीं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुनीता जीनगर और नीलम काबरा ने महिलाओं की समाज निर्माण में भूमिका पर विचार व्यक्त किए। सुनीता जीनगर ने कहा कि सशक्त महिला ही सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। महिलाओं को ऐसे संस्कारी और जिम्मेदार बच्चों का निर्माण करना चाहिए जो राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

नीलम काबरा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोच्च रहा है। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और अहिल्याबाई होलकर जैसी महान महिलाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

जिला संयोजिका नीलम मीना ने माताओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया और सभी का आभार व्यक्त किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भाजपा का आत्मनिर्भर संकल्प अभियान कार्यशाला सम्पन्न

**आसींद, बदनोर व सरेड़ी मंडलों के कार्यकर्ताओं ने लिया लोकल फॉर वोकल का संकल्प**

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



भारतीय जनता पार्टी के आसींद, बदनोर एवं ब्राह्मणों की सरेड़ी मंडल की सामूहिक आत्मनिर्भर संकल्प अभियान कार्यशाला रविवार को आसींद स्थित गोकुल डेयरी में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताए मार्ग पर चलने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की भूमि और पशुओं से निर्मित वस्तुओं का अधिकतम उपयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

कार्यशाला में पूर्व जिला प्रमुख रामचंद्र सेन ने लोकल फॉर वोकल का संकल्प दिलाया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह तँवर ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन महामंत्री जगदीश गर्ग ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख पदाधिकारियों मेंबदनोर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, आसींद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फौजमल गुर्जर, सरेड़ी मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मुंगड़, आसींद नगर उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चौधरी, नगर महामंत्री सरवन लाल साहू, प्रहलाद राय शर्मा, जमना कुमावत, लक्ष्मी लाल शर्मा, श्रीराम गुर्जर, आसींद ग्रामीण मंडल महामंत्री संदीप सोनवा, बदनोर मंडल महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, पूर्व महामंत्री संपत लाल, शिव सिंह, उगम लाल गुर्जर, किसान मोर्चा संयोजक जगदीश कुमावत, उपाध्यक्ष किशन देवासी, मीडिया प्रभारी गोविंद सिंह राठौड़ सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जगतगुरु आचार्यश्री स्वामी रामदयाल महाराज का शाहपुरा में हुआ भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(मूलचंद पेसवानी)** रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्यश्री स्वामी रामदयाल महाराज रविवार को चार्तुमास प्रवास की पूर्णाहुति के बाद शाहपुरा पहुंचे। गढ़बोर चारभुजा में संपन्न 'भक्ति सौरभ चार्तुमास' के समापन के उपरांत उनका आगमन भक्तों के लिए हर्ष का अवसर बन गया।

रामनिवास धाम में भंडारी संत नवनिध राम महाराज के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयघोष के बीच उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुष्प-मालाओं और जयघोषों से स्वामीजी का अभिनंदन किया।

धाम की ऐतिहासिक बारादरी में आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री ने चार्तुमास में भक्तों की निष्ठा की सराहना करते हुए अनुशासन, करुणा और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने तथा संतों के आदर्श अपनाने का संदेश दिया।

अखिल भारत माहेश्वरी महासभा के प्रतिनिधियों, शहर के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवी श्याम ईनाणी ने धाम में बन रही भोजनशाला के ऊपर के निर्माण हेतु 11 लाख रुपये का योगदान देने की घोषणा की। सत्र के अंत में भक्तों ने आचार्यश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और पुष्प वर्षा कर श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर सुर्यप्रकाश बिड़ला, कैलाश तोषनीवाल, नारायण सिंह, राकेश सोमाणी सहित कई रामस्नेही अनुयायी और संतगण भी उपस्थित रहे।

# वीर राणा पूंजा जयंती पर जहाजपुर में मूर्ति अनावरण और शोभायात्रा, विधायक मीणा रहे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**



**गजानंद जोशी ।** वीरता और बलिदान के प्रतीक योद्धा राणा पूंजा की जयंती रविवार को क्षेत्र में भव्य रूप से मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा, मूर्ति अनावरण और स्मारक स्थल कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया।

शहर में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, सामाजिक एवं राजनीतिक नेता शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत किया और ढोल-नगाड़े, डीजे एवं जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

रावत खेड़ा में वीर राणा पूंजा की मूर्ति स्थापना एवं स्मारक स्थल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनजाति राज मंत्री बाबूलाल खराड़ी और विधायक ने मौजूद रहे ।

समारोह में जिला प्रमुख बरजी देवी भील, जहाजपुर प्रधान कौशल देवी शर्मा, राष्ट्रीय संस्थापक भील समाज छीतर लाल, प्रदेश अध्यक्ष भील समाज खेमराज खराड़ी, प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेश मीणा, भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र खटीक, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन, भाजपा नेता ज्ञानचंद कंजर, भेरूलाल टाक, कैलाश टैपन समेत क्षेत्रवासियों और समाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

# अजमीढ़ जयंती पर खेलकूद व भजन संध्या के साथ हुआ भव्य आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**दिनेश पारीक ।** मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा रविवार को अपने आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। दिनभर चले आयोजनों में क्रिकेट प्रतियोगिता, वॉलीबॉल मैच, भजन संध्या और सामूहिक भोजन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समाज के सभी वर्गों बुजुर्ग, महिलाएं और युवाओ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत अजमीढ़ जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं भोग लगाकर की गई। इसके बाद खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ, जिसमें समाज के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में चार टीमें शामिल रहीं । कड़े मुकाबले के बाद ज़ेबरा क्लब टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम के कप्तान अर्जुन सोनी रहे। समाज के चांदमल सोनी, कन्हैयालाल, रामेश्वर, दिनेश कुमार, राजेंद्र कुमार, राधेश्याम, शंभूलाल सहित नवयुवक मंडल अध्यक्ष रवि सोनी , मंडल सदस्य संयम सोनी, देवराज सोनी, कार्तिक सोनी, कृष सोनी, अंशुल सोनी और अजय सोनी ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वही सांयकालीन भजन संध्या में भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्ति भाव से भर दिया।

## संपादकीय

# नगर पालिका का एक साल-वादों की आतिशबाज़ी से हकीकत की राख तक

भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ विधानसभा में जिस दिन बिजोलिया को ग्राम पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिला, उस दिन पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल था। पटाखों की आवाज़ों के बीच लोग विकास के सपने देख रहे थे। उम्मीद थी कि अब बिजोलिया का चेहरा बदलेगा, गाँव से शहर की ओर कदम बढ़ेंगे और जनसुविधाएँ मजबूत होंगी। लेकिन एक साल बाद स्थिति यह है कि जहाँ पहले पटाखे फोड़े गए थे, अब वहीं लोग छाती पीटने को मजबूर हैं। सत्ता की लोलुपता, पद की लालसा और राजनीतिक स्वार्थों ने नगर को विकास की राह से भटका दिया है।

जनता की आवाज़ अब धीमी पड़ गई है-विरोध करने वाला ÷विरोधी÷ कहलाता है, और सवाल पूछने वाला ÷दुश्मन÷।

### सत्ता की खींचतान और ठहरता विकास

नगर पालिका बनने के बाद लोगों ने सोचा था कि अब शहरी विकास की शुरुआत होगी। लेकिन आपसी टकराव और कुर्सी की राजनीति ने रफ्तार रोक दी। विकास की बजाय यहाँ अब राजनीति के गुट और गुटबाजी की चर्चा होती है।

विरोध करने वाले लोगों को निशाने पर लिया जाता है, और बोलने वालों की फाइलें खोली जाने लगती हैं।

### कभी आंदोलन की धरती, अब चुप्पी की नगरी

बिजोलिया का नाम कभी किसान आंदोलनों के प्रतीक के रूप में लिया जाता था।

यह वही धरती है जहाँ से उठे जनआंदोलनों ने देशभर के लोगों को संघर्ष और अधिकारों की प्रेरणा दी थी। लेकिन आज वही बिजोलिया आंदोलन की नहीं, चापलूसी और दिखावे की राजनीति का केंद्र बन गया है।

अब विरोध आंदोलन नहीं, बल्कि सोशल मीडिया की पोस्टों में दिखता है। जनता को गुमराह करने और नेताओं की जयकार करने की प्रवृत्ति हावी है। सड़क पर उतरने की हिम्मत किसी में नहीं बची यह वही जगह है, जहाँ कभी जनता की आवाज़ देश की सुर्खियों में रहती थी।

### विकास की राह में गड्ढे और बहाने

मंदाकिनी महादेव जैसे विश्व प्रसिद्ध मंदिर तक जाने वाली सड़क महीनों से खुदी पड़ी है।

चार माह से अधिक बीत गए, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा है।

मालीपुरा से केसरगंज तक बनने वाला लिंक रोड भी अधूरा पड़ा है, जिससे आमजन परेशान हैं।

बारिश के बाद पलकी नदी की रियासतकालीन पुलिया की हालत दयनीय है।

दशहरे की शोभायात्रा इसी पुलिया से गुज़री- सौभाग्य से कोई हादसा नहीं हुआ, वरना प्रशासनिक लापरवाही की कीमत जनता को भारी पड़ती।

### सफाई व्यवस्था केवल दिखावे तक सीमित

नगर पालिका की सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल है।

बस स्टैंड, सिविल कोर्ट के सामने और शहर कोट के अंदर सफाईकर्मी महीनों में एक-दो बार ही दिखाई देते हैं।

मुख्य मार्गों पर रात में सफाई कर स्वच्छ बिजोलिया का दिखावा किया जा रहा है जैसे ऊपरी धूल झाड़ने से भीतर की गंदगी मिट जाएगी।

### पट्टों को लेकर भ्रम और अविश्वास

नगर में पट्टों की प्रक्रिया को लेकर भी जनता में असमंजस है।

कई लोगों को जानकारी नहीं है कि आवेदन के बाद प्रक्रिया क्या होगी, या जमा राशि का क्या होगा।

पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों का अभाव है और जनता में यह धारणा गहराती जा रही है कि नगर पालिका अब सुविधा नहीं, परेशानी का पर्याय बन चुकी है।

### विरोध अब सोशल मीडिया तक सीमित

विरोध की आवाज़ अब सड़कों पर नहीं, केवल मोबाइल स्क्रीन तक सीमित हो गई है।

नेताओं की पोस्ट और फोटो से सजी सोशल मीडिया प्रोफ़ाइलें जनता की वास्तविक समस्याओं से कहीं ज़्यादा सक्रिय हैं।

जनहित के मुद्दे अब 'लाइक्स' और 'शेयर' में खो गए हैं।

जो लोग सड़क पर उतरकर सवाल उठाने चाहिए थे,

वो अपने नेताओं की जय-जयकार और फोटो प्रचार में व्यस्त हैं।

### जनता का भरोसा टूटा, सवाल बाकी हैं

एक साल पहले नगर पालिका बनने का उद्देश्य था-

विकास, सुविधा और पारदर्शिता।

लेकिन अब जनता यह सवाल पूछ रही है कि क्या नगर पालिका बनने से विकास हुआ,

### या केवल सत्ता की राजनीति को नया मैदान मिला?

बिजोलिया का जो नाम कभी संघर्ष और हिम्मत के प्रतीक के रूप में लिया जाता था,

वही आज राजनीतिक मौन और अवसरवाद की मिसाल बन गया है। जब तक नेता जनता के बीच उतरकर जवाबदेही नहीं निभाएंगे, तब तक बिजोलिया विकास का नहीं, भ्रम और दिखावे का नगर बना रहेगा।

### जश्न की आतिशबाज़ी के बाद अब बस धुआँ बाकी

बिजोलिया को नगर पालिका बने एक वर्ष हो चुका है।

लेकिन जश्न की आतिशबाज़ी के बाद अब बस धुआँ बाकी है।

जनता इंतज़ार में है कि कोई तो आए, जो वादों को सच्चे काम में बदले।

तब शायद फिर से बिजोलिया का नाम संघर्ष की भूमि के रूप में गर्व से लिया जा सके।



कपिल विजयवर्गीय (प्रधान संपादक)

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर व स्वतंत्रता सेनानी सुशीला देवी की मूर्तियों का अनावरण 8 अक्टूबर को

## भीलवाड़ा में होगा मुख्य समारोह, मांडलगढ़ में विकास एवं सेवा संस्थान कार्यालय का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिवचरण माथुर और स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुशीला देवी माथुर की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 8 अक्टूबर को भीलवाड़ा के महिला आश्रम, पथिक नगर में मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित होगा। इसी दिन दोपहर में मांडलगढ़ में श्री शिवचरण माथुर विकास एवं सेवा संस्थान कार्यालय का लोकार्पण भी किया जाएगा।

महिला आश्रम संस्थान की सचिव वंदना माथुर और संस्थान सचिव विभा माथुर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्व. शिवचरण माथुर के आदर्शों, निष्ठा और सेवा भाव से नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि शिवचरण माथुर ने अपने जीवन में देश और प्रदेश की जो सेवा की, उसे भुलाया नहीं जा सकता। भीलवाड़ा में पहले यूआईटी चेयरमैन के रूप में उन्होंने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। इसके बाद वे पहले निर्वाचित जिला प्रमुख, सात बार विधायक, दो बार सांसद, दो बार मुख्यमंत्री और असम के राज्यपाल रहे। प्रदेश और भीलवाड़ा के विकास में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली होंगे।

कार्यक्रम में केंद्रीय पूर्व कैबिनेट मंत्री एम.एम. पल्लम राजू, पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, सांसद बृजेन्द्र ओला, सांसद कुलदीप इंदौरा, सांसद मुरारीलाल मीणा, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व सांसद रघुवीर मीणा, सुचित्रा सहित कई विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी और जिले के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

महिला आश्रम परिसर में सुबह 10 बजे मूर्तियों का अनावरण किया जाएगा, जबकि दोपहर 1 बजे मांडलगढ़ में शिवचरण माथुर विकास एवं सेवा संस्थान के कार्यालय का लोकार्पण होगा।


# उद्भवन 2.0 का आयोजन 6-7 को संगम यूनिवर्सिटी में

## छात्रों और युवाओं के स्टार्टअप्स को मिलेगा नया मंच

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

संगम यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में संचालित संगम आईटीबीआई इन्क्लूसिव टेक्नोलॉजी बिज़नेस इनक्यूबेटर द्वारा उद्भवन 2.0 कार्यक्रम का आयोजन आगामी 6 व 7 अक्टूबर को संगम यूनिवर्सिटी परिसर में किया जाएगा। यह दो दिवसीय आयोजन युवाओं, छात्रों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, निवेशकों और संसाधन व्यक्तियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्तव्य, पैनल चर्चा, स्टार्टअप प्रदर्शनी, कार्यशालाएं और नेटवर्किंग सत्र आयोजित होंगे।

संगम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने बताया कि यह आयोजन न केवल युवाओं की उद्यमशीलता को प्रदर्शित करेगा, बल्कि राजस्थान में नवाचार और समावेशी विकास को भी प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनोज कुमावत ने कहा कि प्रतिभागी



युवा अपने बिजनेस आइडिया प्रस्तुत कर नकद पुरस्कार के साथ-साथ सरकारी सहयोग भी प्राप्त कर सकते हैं। संगम आईटीबीआई के सीईओ राजस्व कौशिक ने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप संस्थापकों, इनक्यूबेशन विशेषज्ञों और इकोसिस्टम एनेब्लर्स की भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उद्भवन 2.0 का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर नए स्टार्टअप्स को सशक्त मंच, संसाधन और नेटवर्किंग उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों व युवा उद्यमियों को उद्योग विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद और सीखने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे स्थानीय उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को नई दिशा मिलेगी।

# शरद पूर्णिमा पर श्री खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट की ओर से धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम सम्पन्न

## सुन्दरकाण्ड पाठ, रक्तदान शिविर और चारभुजानाथ प्रसादी में उमड़ा श्रद्धाभाव आज होगा श्वांस रोगियों को निःशुल्क दवा वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट की ओर से धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। शनिवार रात को सांगानेर स्थित महेश भवन में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और हनुमानजी के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

कार्यक्रम संयोजक अशोक चेचाणी ने बताया कि सुन्दरकाण्ड पाठ का वाचन राष्ट्रीय संत पं. मिथिलेश नागर द्वारा किया गया। भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि के बीच श्रद्धालु भावविभोर होकर रामभक्ति में लीन हो गए। रविवार सुबह महेश भवन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 40 यूनिट



रक्त एकत्र किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और सभी ने मानव सेवा का संकल्प लिया। इस दौरान बाहर से आए मरीजों व श्वांस रोगियों को दवाइयाँ भी वितरित की गई।

चेचाणी ने बताया कि सोमवार को इन्द्रा मार्केट स्थित कार्यालय में श्वांस रोगियों के लिए निःशुल्क दवा वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा, जो शाम तक जारी रहेगा। रविवार को चारभुजानाथ भगवान की प्रसादी का भी कार्यक्रम आयोजित हुआ । जिसमे सैकड़ो भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की ।

## QUICK BITES

# राज्य स्तरीय हॉकी में भीलवाड़ा का जलवा 17 वर्ष फाइनल में, 19 वर्ष तीसरे स्थान पर

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की छात्र टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। 17 वर्ष वर्ग में भीलवाड़ा ने सेमीफाइनल में हनुमानगढ़ को 3-0 से हराकर



फाइनल में जगह बनाई, जहां सोमवार को टीम का मुकाबला श्रीगंगानगर से होगा। वहीं 19 वर्ष वर्ग में भीलवाड़ा ने सिरोही को 5-0 से मात देकर तीसरा स्थान हासिल किया। टीमों के साथ मोहनलाल चौबे, हीरालाल रेगर, शाबिर हुसैन, अनुराग वैष्णव व पुष्पेंद्र सिंह शामिल रहे।

निर्णायक चंद्र प्रकाश वैष्णव और हरगोविंद जीनगर ने बताया कि खेल भावना से खेलते हुए खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया।

# आमल्दा में कर्मचारियों ने सहकार शिविर का किया बहिष्कार, ज्ञापन सौंपा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेशभर की ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने रविवार को सदस्यता अभियान शिविर का बहिष्कार किया।



आमल्दा में आयोजित शिविर में कर्मचारियों ने हिस्सा नहीं लिया और कैंप प्रभारी अरविंद कुमार रघुवंशी को ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

कर्मचारियों ने वेतन विसंगतियों, वेतन कैडर निर्धारण, स्थायीकरण, समय पर पदोन्नति और सेवा शर्तों में सुधार जैसी प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से केवल आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदेशभर में इस आह्वान पर हजारों कर्मचारियों ने शिविरों का बहिष्कार किया और कई जिलों में धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने पर आंदोलन और व्यापक होगा।

# खस्ताहाल सड़क पर हादसा, एक युवक गंभीर रूप से घायल

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

(विक्रम सिंह) ककरोलिया घांटी से कोटड़ी जाने वाली सड़क पर, घेवरिया माइंस के निकट द्व रविवार शाम को दो बाइको की आमने-सामने भिंडत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पर बने गहरे खड्डे से बचने के प्रयास में दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए, जिनमें से एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग खनिज राजस्व के लिहाज से महत्वपूर्ण होने के बावजूद लंबे समय से खराब स्थिति में है। कई बार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।